आकाशवाणी चंडीगढ़

27 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा में चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंचा ,केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बराड़ा,लाडवा और रेवाड़ी में जनसभाओं को संबोधित किया और कांग्रेस नेता द्वारा आरक्षण खत्म करने व अनुच्छेद -370 फिर लागू किए जाने संबंधी दिए बयानों के बहाने राहुल गाँधी की आलोचना की।
- अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव कुमारी सैलजा ने कालांवाली में आयोजित जनसभा में बी.जे.पी सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय का राजनीति के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परसों रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- हरियाणा में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को घर से मतदान करवाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

*************************************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज हरियाणा में अंबाला जिले के मुलाना विधानसभा क्षेत्र के कस्बे बराडा, कुरुक्षेत्र के लाडवा और रेवाड़ी में आयोजित तीन जनसभाओं को संबोधित किया ।श्री शाह ने बराड़ा में हल्का मुलाना से बी जे पी प्रत्याशी संतोष सारवान अंबाला शहर से प्रत्याशी असीम गोयल और नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी पवन सैनी को जिताने की अपील की।जनसभा में कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह भी मौजूद रहे ।गृहमंत्री अमित शाह ने अपने सम्बोधन में कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। श्री शाह ने कहा बीजेपी ने बिना खर्ची व बिना पर्ची के नौकरी दी है।श्री शाह ने कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा के बहाने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को घेरा। उन्होंने उन पर अनुसूचित जाति विरोधी मानसिकता होने का आरोप लगाया। श्री अमित शाह ने कहा कि सेना में भर्ती होने वाले हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी दी जाएगी।बीजेपी नेता अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं, लेकिन जब

तक बीजेपी सरकार है, आरक्षण खत्म नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने काँग्रेस द्वारा कश्मीर में अनुच्छेद 370 फिर से लागू करने बारे दिए बयानों को भी मुद्दा बनाया।

श्री शाह ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि वह कांग्रेस शासित राज्यों में आरक्षण खत्म करके दिखाएं। रेवाड़ी में उन्होंने सरसों के तेल का सबसे बड़ी सहकारी क्षेत्र का कारखाना लगाने का वादा किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत भी मौजूद रहे।

************************************************************************

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव, एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कालांवाली अनाज मंडी में कांग्रेस उम्मीदवार शीशपाल केहरवाला के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासन से किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी , महिलाएं, बेरोजगार युवा सब परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि बी जे पी सरकार प्रवर्तन निदेशालय व अन्य एजेंसियों का राजनीति के लिए प्रयोग कर रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को जांच एजेंसियों का डर दिखाकर प्रताड़ित किया जा रहा है।उन्होंने लोगों से कांग्रेस उम्मीदवार शीशपाल केहरवाला को जिताने की अपील की।

************************************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज कैथल के गुहला हलके के कस्बे सीवन में बी जे पी प्रत्याशी कुलवंत बाजीगर के समर्थन में वोट मांगे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 में जब कुलवंत बाजीगर विधायक थे तो उन्होंने क्षेत्र में बहुत विकास कार्य करवाए। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इस बार भी कुलवंत बाजीगर को जिता कर विधानसभा में भेजे। श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पोर्टल बंद करने वाले बयान पर श्री मनोहर लाल ने कहा कि अगर वह पोर्टल खत्म करने की बात करेंगे तो निश्चित रूप से जनता उनको खत्म करने की सोचेगी। परिवारवाद पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद की राजनीति आज भी चल रही है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

************************************************************************

जननायक जानता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने आज चीका और कलायत में जेजेपी-एएसपी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया ।ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उन्होंने घोषणा की कि जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सरकार बनने पर प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए 'जननायक फसल सुरक्षा बीमा योजना' लागू की

जाएगी। इस योजना के तहत सरकार प्रत्येक किसान के प्रीमियम का खर्चा वहन करेगी और किसानों की चिंता दूर करेगी। डॉ अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने किसानों की मजबूती के लिए निरंतर काम किया है। उन्होंने कहा कि जेजेपी के कारण प्रदेश में फसलों के खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ी है और गांव स्तर पर मंडियों का विकास हुआ है।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक कार्यक्रम की यह 114वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद यह कार्यक्रम, क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुना जा सकता है।

**************************************************************************

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए घर से मतदान हेतु फॉर्म भरने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की मतदान प्रक्रिया आज शुरू हो गई है। पंचकूला के ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ० यश गर्ग ने बताया कि ज़िले में कालका विधानसभा क्षेत्र के 26 दिव्यांग और 25 बुजुर्ग मतदाताओं और पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के 8 दिव्यांग और 25 बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है।आज पहले दिन पंचकूला के उपमंडल अधिकारी गौरव चौहान द्वारा गठित टीमों ने घर घर जाकर बुजुर्ग में दिव्यांग मतदाताओं का मतदान करवाया ।

आज कमला देवी, इकबाल सिंह, मायावती, रामपति व चमेली देवी ने घर से मतदान किया। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा घर से मतदान करने की पहल की सराहना की ।एक बुजुर्ग मतदाता ने आकाशवाणी समाचार को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि --

बाइट -कमला

**************************************************************************

आज विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हरियाणा के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के सहयोग से हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा पिंजौर में हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। पर्यटन निगम के प्रवक्ता ने बताया कि हेरिटेज वॉक का आयोजन पिंजौर के भीमा देवी परिसर से यादवेंद्र गार्डन तक किया गया।इस में स्कूली बच्चों, सेना के जवानों, शिक्षकों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी क्षेत्रों के इतिहास और संस्कृति के प्रति उत्साही लोगों ने भाग लिया।उन्होंने

बताया कि इस वॉक के प्रतिभागियों को भीमा देवी मंदिर में क्षेत्र के प्राचीन इतिहास से परिचित कराया गया वॉक का नेतृत्व विश्वविद्यालयों और पुरातत्व विभाग के इतिहास विशेषज्ञों ने किया।

**********************************************************************

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आज कैथल के गुहला हलके के कस्बे सीवन में बी जे पी प्रत्याशी कुलवंत बाजीगर के समर्थन में वोट मांगे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 में जब कुलवंत बाजीगर विधायक थे तो उन्होंने क्षेत्र में बहुत विकास कार्य करवाए। उन्होंने लोगों से कहा कि वे इस बार भी कुलवंत बाजीगर को जिता कर विधानसभा में भेजे। श्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पोर्टल बंद करने वाले बयान पर श्री मनोहर लाल ने कहा कि अगर वह पोर्टल खत्म करने की बात करेंगे तो निश्चित रूप से जनता उनको खत्म करने की सोचेगी। परिवारवाद पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में परिवारवाद की राजनीति आज भी चल रही है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा है कि लैंगिक समानता और चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं की अधिक रचनात्मक भागीदारी के लिए हरियाणा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं व दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा संचालित कम से कम एक मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा। ऐसे महिला संचालित मतदान केंद्रों में पुलिस व सुरक्षा कर्मियों सहित सभी कर्मचारी महिलाएं होंगी।इसके अलावा, स्थानीय सामग्री और कला रूपों का उपयोग करके और उनका चित्रण करते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक आदर्श मतदान केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक मतदान केंद्र का संचालन, उस जिले के सबसे कम उम्र के पात्र कर्मचारियों से बनी मतदान टीमों द्वारा किया जाएगा।

**********************************************************************

हरियाणा में खरीफ विपणन सीजन 2024- 25 के तहत धान की सरकारी खरीद आज से ही शुरू हो गई है।पहले यह खरीद पहली अक्तूबर से शुरू करने की घोषणा की गई थी। सरकारी

प्रवक्ता ने बताया कि यह फैसला कुछ मंडियों में धान की जल्दी आवक होने के कारण लिया गया है, ताकि किसानों की उपज को किसी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि धान सहित सभी खरीफ फसलों की खरीद भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि वे धान की फसल कोसरकारी मापदंड अनुसार अच्छे से सुखाकर तय नमी सीमा में लेकर आए ताकि उनकी फसल की तुरंत खरीद सुनिश्चित की जा सके।प्रवक्ता ने कहा है कि  इस बार हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने मंडी गेट पास के लिए नई व्यवस्था लागू की है, जिससे किसान घर बैठे ही स्वयं मंडी गेट पास बना सकते हैं। इसके अलावा जिन किसानों के पास गेट पास की सुविधा नहीं होगी, उन्हें मंडी के गेट पर ही यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।